# दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
# गोरखपुर-273001

(नैक प्रत्यायित 'B++' श्रेणी)

सम्बद्ध

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

☎ : 0551-2334549
: 09792987700
e-mail : dnpggkp@gmail.com
website : www.dnpgcollege.edu.in


दिनांक : 09.04.2025

## प्रकाशनार्थ

### बी.एड. द्वितीय सेमेस्टर के प्रशिक्षुओं हेतु शैक्षिक भ्रमण का आयोजन

**दिनांक 09.04.2025 गोरखपुर। दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय के शिक्षक शिक्षा विभाग द्वारा बी०एड० द्वितीय सेमेस्टर के प्रशिक्षुओं हेतु शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन दिनांक 08.04.2025 को किया गया।** प्रशिक्षुओं ने सर्वप्रथम बगहा पश्चिमी चंपारण में स्थित प्राचीन मदनपुर दुर्गा माता के प्राचीन मन्दिर का दर्शन किया। उसके बाद प्रशिक्षुओं को बिहार में स्थित वाल्मीकि राष्ट्रीय उद्यान का भ्रमण कराया गया। सरस्वती यात्रा के माध्यम से प्रशिक्षुओं ने शैक्षिक, ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं भौगोलिक ज्ञान, स्थापत्य कला एवं उसके महत्व की जानकारी प्राप्त की। प्रशिक्षुओं ने वाल्मीकि राष्ट्रीय उद्यान में स्थित+2 नदी घाटी योजना विद्यालय, वाल्मीकि नगर पश्चिमी चंपारण में शैक्षिक गतिविधियों का निरीक्षण किया। जहां विद्यालय के प्रधानाध्यापक द्वारा प्रशिक्षुओं को विद्यालय के स्थापना से लेकर वर्तमान समय तक की प्रगति की जानकारी दी गई। इसके पश्चात प्रशिक्षुओं ने वाल्मीकि व्याघ्र आरक्ष्य परिसर में स्थित प्राचीन वाल्मीकि मंदिर का दर्शन किया तथा वाल्मीकि व्याघ्र आरक्ष्य की जैव विविधता का अवलोकन किया।

तत्पश्चात प्रशिक्षुओं ने श्री जटाशंकर मंदिर एवं कौलेश्वर धाम का दर्शन कर वहां की भवन निर्माण कला एवं उसके इतिहास की जानकारी प्राप्त की। इसके पश्चात प्रशिक्षुओं ने इको गार्डन का भ्रमण किया एवं कौलेश्वर झूला के निर्माण तकनीकी का अवलोकन किया। भ्रमण के अंत में प्रशिक्षुओं ने गंडक नदी पर बने गंडक बैराज का भ्रमण किया और बैराज की तकनीकी विशेषताओं का अवलोकन कर उसकी जानकारी प्राप्त की।

**शैक्षिक भ्रमण के दौरान विभाग के प्राध्यापक प्रो. (डॉ.) अरुण कुमार तिवारी, प्रो. (डॉ.) शुभ्रा श्रीवास्तव, डॉ. सुभाष चन्द्र, श्री राकेश कुमार सिंह, श्री प्रदीप कुमार यादव तथा श्रीमती शालिनी पारिक सहित श्री अमरनाथ चौधरी, एवं बी०एड० द्वितीय सेमेस्टर के सभी प्रशिक्षुगण उपस्थित रहें।**

**(डॉ.) शैलेश कुमार सिंह**
प्रभारी, सूचना एवं जनसम्पर्क